**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3734**
**उत्तर देने की तारीख 18 दिसम्बर, 2024**

**ओडिशा में मोबाइल टावर**

**3734. श्री प्रदीप पुरोहितः**

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) ओडिशा को वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान मोबाइल टावरों की स्थापना के लिए कुल कितनी निधि आवंटित की गई है;

(ख) इन दो वर्षों के दौरान झारसुगुड़ा और बरगढ़ जिलों में ब्लॉकवार कितने टावर स्थापित किए गए हैं;

(ग) क्या इन जिलों में मोबाइल टावरों की स्थापना का काम पूरा हो चुका है और यदि नहीं, तो इसमें विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा टावर स्थापनाओं को शीघ्र-अतिशीघ्र पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

**(क**) से (घ) वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान विभिन्न डिजिटल भारत निधि परियोजनाओं के अंतर्गत मोबाइल टावरों की संस्थापना के लिए ओडिशा में 726 करोड़ रुपये की कुल राशि आवंटित/संवितरित की गई है।

सेवा से वंचित गांवों में कवरेज प्रदान करने के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) द्वारा वित्तपोषित की गई 4जी मोबाइल टावर परियोजनाएं ओडिशा सहित देश भर में लागू की जाती

हैं। डीबीएन और कार्यान्वयनकर्ता के बीच हुए करार में परियोजना को रॉल-आउट अवधि के भीतर पूरा करने का प्रावधान किया गया है।

इन दो वर्षों के दौरान, एलडब्ल्यूई-II परियोजना के अंतर्गत अंबाभोना ब्लॉक, बारगढ़ जिले में एक टावर संस्थापित किया गया है। 4जी सेचूरेशन परियोजना के अंतर्गत झारसुगुड़ा (तीन टावर) और बारगढ़ जिले (छह टावर) में नौ टावरों को संस्थापित करने की योजना बनाई गई है जिनमें से दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार झारसुगुड़ा जिले में दो टावर और बारगढ़ जिले में एक टावर संस्थापित किया जा चुका है।

*****